केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 227 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦28 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कार खाई गिरी, पत्नी और बेटी सहित डॉक्टर की मौत

### भिकियासैंण-देघाट सड़क मार्ग पर 300 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, डाक्टर का पुत्र गंभीर



अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। स्याल्दे विकासखंड में भिकियासैंण-देघाट सड़क पर चौनिया बैंड के पास एक कार 300 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में डॉक्टर पति, स्टाफ नर्स पत्नी, आठ साल की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 साल का बेटा घायल हो गया। रुड़की से देघाट सीएचसी में तैनात डॉक्टर पत्नी और बच्चों को छोड़ने जा रहा था। जानकारी के मुताबिक सोमवार को रुड़की में निजी क्लीनिक संचालित करने वाले सावत शिवालय लाइन, दिल्ली रोड निवासी डॉ. मुनेंद्र सिंह पुत्र ईश्वर सिंह अपनी पत्नी शशि, बेटी अदिति और बेटे अर्णव आदि के साथ कार संख्या यूके 08यू 6028 पर घर से देघाट को रवाना हुए। दोपहर तीन बजे तक उनका परिजनों से संपर्क हुआ, लेकिन इसके बाद अचानक संपर्क कट गया। देर शाम तक संपर्क ना होने पर मृतका के भाई ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने खोजबीन के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मंगलवार सुबह जब घायल बेटा किसी तरह सड़क तक पहुंचा तो घटना का पता चला। जिला नियंत्रण कक्ष को जानकारी मिलने के बाद एसडीआरएफ टीम को मौके पर भेजा गया। टीम जब मौके पर पहुंची तो डाक्टर उनकी पत्नी और बेटी की मौत हो चुकी थी। घायल 11 वर्षीय अर्णव को अस्पताल भर्ती कराया गया। उसकी हालत गंभीर है। एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों शवों को खाई से निकालकर पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष राहुल राठी ने कहा कि फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।मामले कीजांच की जा रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों के चलते गत रात्रि मस्जिद कालोनी पंतनगर में मजदूरी का काम करने वाले एक युवक ने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से मीरगंज बरेली निवासी 35 वर्षीय सोनू श्रीवास्तव पुत्र रामपाल मस्जिद कालोनी पंतनगर में परिवार सहित रहता था और मजदूरी करता था। बताया जाता है कि गत रात्रि उसके पड़ोसी के घर बच्ची का जन्मदिन होने से उसका तीन वर्षीय पुत्र लक्ष वहां गया था। जब उसकी पत्नी नितिका पानी लेने के लिए घर से गई तो सोनू ने घर में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाया और बल्ली से लटक गया। उसकी पत्नी जब पानी लेकर घर वापस लौटी तो उसने सोनू को फांसी पर लटका देखा तो शोर मचा दिया। शोर की आवाज सुंनकर कई लोग वहां आ पहुंचे। आनन फानन में सोनू को फांसी से उतार कर तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि मृतक सोनू का विवाह पांच वर्ष पूर्व ही हुआ था। उसके पिता काफी समय से बीमार होने के कारण घर में ही रहते हैं।

## तीर्थ यात्रियों से भरी बस के ब्रेक फेल, चालक की सूझ बूझ से बड़ा हादसा टला



श्रीनगर (उद संवाददाता)। कौड़ियाला से देवप्रयाग की तरफ जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई है। सूचना पर तुरंत थाना अध्यक्ष देवप्रयाग फोर्स सहित मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार तेलांगना के यात्री बदरीनाथ धाम के दर्शन कर लौट रहे थे। तभी अचानक ब्रेक फेल होने से गाड़ी पलट गई। वाहन पलटते ही अंदर यात्रियों की चीख पुकार मच गई। फोर्स की मदद से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। 4 घायलों को इलाज के लिए ऋषिकेश भेजा गया। अन्य सभी यात्री सुरक्षित है। जिनके लिए दूसरी गाड़ी का इंतजाम किया गया। घायलों में 34 वर्षीय प्रियंका पत्नी महेश्वरी, 44 वर्षीय उमा महेश्वर पुत्र राघवदुले, 40 वर्षीय के दिनेश पुत्र यादगिरी, 60 वर्षीय प्रभाकरण पुत्र गुरूपदम और राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। समय पर पुलिस की ओर से मदद मिलने पर यात्रियों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। प्रथम (शेष पृष्ठ सात पर)

## बहन से मिलने आया सिडकुल कर्मी सड़क किनारे मृत मिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं किच्छा मार्ग पर ग्राम बंडिया में स्थित पैट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में पड़ा पाया गया। राहगीरों ने उसे किच्छा राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर परिजन चिकित्सालय पहुंचे। शव देख उनमें कोहराम मच गया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 44 वर्षीय बलवीर सिंह पुत्र कालू सिंह मूल निवासी बनवसा चंपावत हाल में खेड़ा में किराए पर रहता था। बताया जाता है कि गत दिवस वह बंडिया किच्छा निवासी अपनी बहन से मिलने के लिए गया था। वहां से वापस लौटने के बाद उसे लोगों ने पैट्रोल पंप के पास बेसुध अवस्था में पड़ा देखा। उसके सिर पर चोट लगी हुई थी। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय किच्छा भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त की गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने में लेकर उसके परिजनों को घटना से अवगत कराया। जिस पर छोटा भाई राकेश सिंह समेत अन्य परिजन (शेष पृष्ठ सात पर)

## छह माह से वेतन नहीं मिलने पर भड़के शिक्षक

### जिलाधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले छह माह से वेतन न मिलने से नगर के गुरूनानक बालिका कन्या इंटर कालेज की तमाम शिक्षिकाओं, शिक्षकों व कर्मचारियों के सब्र का बांध आज टूट गया। उन्होंने पहले कालेज की प्रधानाचार्या से इस सन्दर्भ में वार्ता की जिसके बाद वह शिक्षक नेताओं के साथ जिलाधिकारी व मुख्य शिक्षा अधिकारी के चौखट पर पहुंचे। जहां उन्होंने ज्ञापन सौपकर वेतन न मिलने से आ रही परेशानियों से विस्तार से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। रोषित गुरूजनों ने डीएम को बताया कि उन्हें कालेज से पिछले दिसम्बर माह 2023 से मई 2024 तक का वेतन नहीं मिला है। जिस कारण उन्हें भारी आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। इस सन्दर्भ में पूर्व में प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों से कई बार आग्रह किया जा चुका है परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। आर्थिक परेशानियों के कारण उनके परिवार भुखमरी के कागार (शेष पृष्ठ सात पर)

## भूकंप से डोली पिथौरागढ़ की धरती

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मंगलवार सुबह 6:43 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। अचाकन भूकंप के झटके महसूस होने से लोग डर गए। लोग घबराकर अपने- अपने घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.1 मैग्नीट्यूड और केंद्र मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्र में पांच किमी की गहराई पर था। भूकंप से किसी तरह के नुकसान नहीं हुआ है। कम तीव्रता होने के कारण अधिकांश लोगों को भूकंप महसूस नहीं हुआ। बता दें इससे पहले भी प्रदेश में कई बार कम तीव्रता के झटके महसूस हो चुके हैं।

## कमरे से मोबाईल नगदी व चैन चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि अज्ञात चोरों ने मुखर्जी नगर में कमरे में जाकर मोबाईल, हजारों की नगदी, चांदी की चेन सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। थाना पुलिस को लिखी तहरीर में अजय सरदार पुत्र स्व. कार्तिक सरदार निवासी जगतपुरा मुखर्जी नगर, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 27 मई को रात्रि वह व परिवार के लोग अपने-अपने कमरे में खाना खाकर सो गये। मध्य रात्रि शोर शराबे की आबाज सुनकर आंख खुली तो देखा कि उसके कमरे से उसके मोबाईल, नगद 7 हजार रूपए, छोटा हाथी (शेष पृष्ठ सात पर)

## हल्द्वानी में उच्चकों व चेन स्नैचरों का आतंक

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर में चेन स्नेचर और उच्चके एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। पुलिस की निष्क्रिता की वजह से बाहरी क्षेत्रों से यहां आकर चेन स्नैचर और उच्चके वारदातों को अंजाम देने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। हालांकि पूर्व में भी बाहरी राजें से यहां आकर वारदातों को अंजाम दे चुके कई उच्चकों को पकड़ चुकी है लेकिन इसके बाद भी चेन स्नैचिंग और पर्समारी की घटनाएं कम नहीं हो रही है जिस कारण से महिलाओ का बाजार निकालना मुश्किल हो गया है। चेन स्नैचिंग की घटना लालकुआं क्षेत्र में हुई है जहां पर सब्जी लेकर घर जा रही दीपा देवी पत्नी सोबन राम से स्कूटी सवार दो युवकों ने उनके गले से मंगलसूत्र झपट लिया और मौके से फरार हो गए। देर शाम हुई चौन स्निचिंग की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। चेन स्नैचिंग की घटना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और चेन स्नैचरों का सुराग लगाने में जुट गई है। देर शाम हुई घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए है। हालांकि पुलिस का दावा है कि जल्द ही चेन स्नेचर पुलिस की पकड़ में होंगे।

### उचक्के ने जेब से पर्स उड़ाया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। राहगीर को बाइक से टक्कर मारने के बाद उच्चका एक व्यक्ति की जेब से पर्स निकाल कर फरार हो गया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि उसके पर्स में 10 हजार रूपए की नगदी के साथ ही पहचान पत्र भी था। हंस विहार सतपाल आश्रम गली हरिपुर सूखा निवासी बिपिन बिहारी सविता पुत्र छोटे लाल सविता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## संस्था से जबरन जोड़कर युवती ने सात हजार हड़पे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जसपुर निवासी एक युवती ने ट्रांजिट कैंप निवासी महिला को बार बार फोन कर उसे जबरन संस्था का सदस्य बना लिया। अब युवती व उसके साथियों ने महिला का फोन नंबर ब्लाक कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। शांती पत्नी सचिन निवासी नारायण कालोनी, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि लगभग 6 माह से जसपुर निवासी एक लडकी फोन करके उसे परेशान कर रही थी और बार-बार संस्था में जुड़ने के लिये बोल रही थी। उस लड़की से मना किया कि उसके पास पैसे नही है तो वह झूठे वादे करके अपनी बातो में उल्झाने लगी और उससे संस्था के नाम पर 23 मई को सात हजार रुपए ले लिये और कहा कि थोड़ी देर में आ रही हूं। परंतु तब से लेकर अब तक वह लड़की वापस नहीं आयी है। जब उसने उसके नम्बर पर कॉल किया तो उसने नम्बर ब्लॉक कर दिया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने उक्त लडकी के साथ में रहने वाले लड़के के नम्बर पर कॉल किया तो उसने भी नम्बर ब्लॉक कर दिया। पीड़िता ने कहा उससे सात हजार रुपए धोखाधड़ी कर हड़प लिए गए हैं।

# विरोध के बीच आशियानों पर गरजी जेसीबी

देहरादून(उद संवाददाता)। दून में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से हड़कंप मचा है। भारी पुलिस बल के बीच चिन्हित अतिक्रमण स्थल पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। इस दौरान रोते बिलखते पीड़ितों ने कहा कि जीवनभर की पूंजी चली गई। महिलाएं रो रोकर बेहोश हो गई। इनके पुर्नवास की कोई व्यस्था नहीं है। मंगलवार को दीप नगर में मकान तोड़ने पहुंची नगर निगम की टीम का लोगों ने कोई विरोध किया। इससे पहले सोमवार को रिस्पना नदी किनारे मलिन बस्तियों के अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर चला। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में भारी पुलिस बल लेकर पहुंची नगर निगम की टीम ने 35 अतिक्रमण ध्वस्त किए। सुबह नौ बजे से शुरू हुई कार्रवाई शाम चार बजे तक चली। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। नगर निगम ने रिस्पना नदी किनारे मार्च 2016 के बाद बने 525 अतिक्रमण चिह्नित कर एनजीटी को रिपोर्ट सौंपी थी। एनजीटी ने इन्हें 30 जून तक हटाने के निर्देश दिए थे। कुल 525 में से 89 अतिक्रमण नगर निगम के क्षेत्र में थे बाकी एमडीडीए और नगर पालिका मसूरी क्षेत्र के थे। नगर निगम ने अपने क्षेत्र के अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान शुरू किया है। सोमवार सुबह मजिस्ट्रेट हरगिरी और अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल के नेतृत्व में निगम की टीम सुबह नौ बजे चूना भट्ठा पहुंची और वहां से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। एक-एक कर टीम ने वहां अतिक्रमण हटाए। इसके बाद टीम ने शास्त्रीनगर, चंदर रोड, राजेश रावत कॉलोनी, बलबीर रोड से अतिक्रमण हटाया। अभियान के पहले दिन टीम ने तीन जेसीबी से 35 अतिक्रमण हटाए। विरोध की आशंका पर कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। सीओ डालनवाला और सीओ रायपुर के साथ 70 पुलिसकर्मी और पीएसी के जवान थे। अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल, उप नगर आयुक्त रामकुमार बिनवाल, कर अधीक्षक राहुल कैंथोला के साथ नगर निगम की 40 लोगों की टीम अभियान में लगी थी। इनमें 30 मजदूर थे। पहले दिन निगम की कार्रवाई में जो 35 अतिक्रमण हटाए गए उनमें ज्यादातर छोटे और अस्थाई थे। कुछ लोगों ने रिस्पना नदी पर शौचालय बनाकर कब्जा कर लिया था। कई लोगों ने मकान के पीछे के हिस्से की बाउंड्रीवॉल को बढ़ाकर नदी की जमीन कब्जा ली थी। कई ऐसे अतिक्रमण थे जिन्होंने सुअर बाड़ा बनाया हुआ था। किसी ने टीन शेड बना रखा था। निगम की जेसीबी ने नदी में उतरकर ये सभी अतिक्रमण ध्वस्त किए।







## आवारा पशुओं को जंगल मे छोड़ने पर विहिप नाराज



बागेश्वर। नगर पालिका द्वारा नगर में आवारा पशुओं को गौ सदन भेजने के नाम पर जंगल मे छोड़कर जंगली जानवरों के शिकार के लिए छोड़ने, पशुओं के गौसदन नही पहुँचने, गौ सदन भेजने के नाम पर बजट खर्च करने, आवारा पशुओं को डंफर में भरकर रेता बजरी की तरह ट्राला उठाकर जमीन में पटखने की सूचना मिलने के आरोप पालिका पर लगाए हैं, वही आवारा पशुओं को गौ सदन नही छोड़े जाने कागजों में भेजे गए गौ सदन में छोड़े गए पशुओं के नही पहुचने पर नाराजगी जताई है, वही मामले में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निराश्रित पशुओं के संरक्षण के बजाय नगर से दूर भेजकर उन्हें जंगल में ही लावारिश छोड़कर जंगली जानवरों के शिकार होने,और पालिका द्वारा आवारा पशुओं को श्रीराम गौ सदन भेजने की बात बताए जाने जबकि हिन्दू संगठन से जुड़े कार्यकताओं द्वारा पूछताछ करने पर सदन में गायें नही पहुँचने की शिकायत जिलाधिकारी को बताते हुए मामले की जांच की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में विहिप के गौ सेवा प्रमुख रवि रस्तोगी, विजय परिहार,आदि मौजूद थे।

## सिविल सोसायटी ने विश्व प्रसिद्ध धाम में गंदगी पर उठाए सवाल



गरुड़(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बैजनाथ धाम में गंदगी दिखने पर सिविल सोसायटी के अध्यक्ष और उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एड डीके जोशी ने मन्दिर परिसर में स्वच्छता अभियान नही चलाए जाने, विश्व प्रसिद्ध धाम होने के चलते रोजाना देशी विदेशी पर्यटकों के पहुँचने से पर्यटकों में इसका दुष्प्रभाव पड़ने और कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था नही होने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाए जाने की अपील की है।सोशल मीडिया में बैजनाथ धाम में फैले कूड़े का फोटो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन और कार्यदाई संस्था हरकत में आई और मंदिर परिसर में फैली गंदगी की सफाई कराई गई।वही सिविल सोसायटी ने इस तरह प्रमुख धार्मिक स्थान में पर्यटकों की सुविधा के लिए कोई कोताही नही बरतने और धार्मिक पर्यटन से पर्यटकों को अच्छी सुविधाए उपलब्ध कराने की अपील की है।लोगों ने सिविल सोसायटी की इस पहल की सराहना की है।

## शिक्षकों की भर्ती के लिए मिली मंजूरी

देहरादून। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के 3253 पदों पर भर्ती के लिए शिक्षा विभाग को चुनाव आयोग से मंजूरी मिल गई है। जिससे इन पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। इसमें 1,250 पद वर्ष 2018, 2020 एवं 2021 की रुकी भर्ती के हैं। भर्ती के लिए बीएड डिग्री को अमान्य करने के बाद केवल डीएलएड वाले ही इन पदों पर भर्ती के पात्र होंगे। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती के लिए विभाग ने वर्ष 2018, 2020 एवं 2021 में 3099 पदों के लिए आवेदन मांगे थे। उस दौरान शिक्षक भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता बीएड और डीएलएड को मान्य किया गया था, लेकिन बाद में शासन ने एनआईओएस से डीएलएड को भी मान्य कर दिया। कुछ समय बाद शासन ने एनआईओएस से डीएलएड मान्य वाला आदेश रद्द कर दिया, जिससे भर्ती विवादों में उलझ गई। इसके बाद सरकार ने बीएड अभ्यर्थियों को सहायक अध्यापक के पदों पर भर्ती के लिए अमान्य कर दिया है। इसके लिए सेवा नियमावली 2012 में संशोधन किया गया है। हालांकि, इस संशोधन से पहले डीएलएड के साथ ही कुछ बीएड अभ्यर्थी 1849 पदों पर भर्ती हो चुके हैं। विभाग की ओर से अब पूर्व के अवशेष 1250 पदों के साथ ही वर्तमान में खाली 2033 पदों पर शिक्षकों की भर्ती करनी है।

## बाइक सवार दवा व्यवसायी पर हाथी ने किया हमला

रामनगर(उद संवाददाता)। पीरूमदारा से काशीपुर लौट रहे बाइक सवार मेडिकल स्टोर संचालक पर अचानक एक हाथी ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को आसपास के लोगों ने काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।मोहल्ला कवि नगर निवासी गौरव सुधा रामनगर के पीरूमदारा में मेडिकल स्टोर का संचालन करता है। बीते रविवार को वह अपना मेडिकल स्टोर बंद करके बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान रामनगर रोड स्थित हल्दुआ के पास जंगल से एक हाथी सड़क पर आ गया और उसने गौरव की बाइक पर हमला बोल दिया जिसमें गौरव सुधा बाइक समेत गिरकर घायल हो गया। इसके बाद हाथी वापस जंगल में चला गया। वहीं जैसे ही घटना की सूचना आसपास के लोगों को मिली तो उन्होंने उसे काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया बीते रविवार को हाथी के हमले में बाइक सवार युवक के घायल होने की जानकारी मिली है। उन्होंने लोगों की सुरक्षा को लेकर वन कर्मियों को गश्त करने क निर्देश दिए हैं।

## गन्ने के सर्वे का किया निरीक्षण

काशीपुर। अपर गन्ना आयुक्त चंद्र सिंह इमलाल और सहायक गन्ना आयुक्त नीलेश कुमार की ओर से काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर, करणपुर और नादेही परिक्षेत्र के भगवंतपुर में किए जा रहे गन्ने के सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया। दोनों अधिकारियों ने कहा कि गन्ने का सर्वे एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इससे यह पता चलता है कि कितने परिक्षेत्र में गन्ने की बुवाई की गई है। गन्ने की उपज के सही आंकड़े प्राप्त होते हैं। जो चीनी मिलों को अपनी योजनाएं तय करने में सहायक होते हैं। चीनी मिल को पता चलता है कि कितने गन्ने की आपूर्ति होनी है, जिससे कि वह अपनी गन्ना पेराई के लिए आगामी योजना बना सकते हैं। इस अवसर पर युवराज सिंह, राकेश कुमार और टीपी सिंह आदि मौजूद रहे।



# मासिक धर्म पर मानसिकता बदलने की जरूरत: डॉ. सुजाता





देहरादून(उद संवाददाता)। डॉ. सुजाता संजय ने बताया कि पीरियड्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जिससे एक महिला हर महीने गुजरती है। महिलाओं के लिए इसे एक बेहद जरूरी माना जाता है, हालांकि इस दौरान उन्हें कई तरह की समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। पीरियड्स के दौरान महिलाओं को साफ -सफाई का भी खास ध्यान रखना पड़ता है क्योंकि साफ -सफाई की कमी की वजह से कई बार कई तरह की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस यानी वर्ल्ड मेन्सट्रुअल हाइजीन डे मनाया जाता है। विश्व मासिक धर्म दिवस के अवसर पर सोसायटी फॉर हैल्थ एजुकेशन एंड वूमैन इम्पावरमेन्ट ऐवेरनेस सेवा द्वारा वेबिनार के माध्यम से बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता हेतु 120 से भी अधिक छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया तथा 50 बालिकाओं को सेनेट्री नेपकिन वितरित किये गये। इसके साथ ही मासिक धर्म की प्रक्रिया के दौरान ध्यान रखी जाने वाली स्वच्छता एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के बारे में जागरूक किया गया। संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता संजय ने बताया कि मासिक धर्म को लेकर आज भी कई तरह की भ्रांतियां फैली हुई है। साथ ही इसे लेकर कई लोग आज भी रूढ़िवादी सोच का शिकार है। इसके अलावा गांव ही नहीं शहरों में भी कई महिलाएं ऐसी हैं जो पीरियड से जुड़ी जरूरी चीजों के बारे में अनजान है। ऐसे में पीरियड्स सर्वाइकल कैंसर या योनि संक्रमण जैसी गंभीर समस्याओं की वजह बनती है। ऐसे में महिलाओं में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ख्याल रखने के मकसद से हर साल मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है इस दिन का मुख्य उद्देश्य पीरियड से जुड़ी अहम जानकारी लोगों तक पहुंचाना है ताकि महिलाएं किसी भी बीमारी का शिकार होने से बचे।यह लड़की की जिंदगी का ऐसा संक्रमण काल है कि इससे वह किशोरावस्था में प्रवेश करती है और फिर बालिग। यह सभी लड़कियों के जीवन में बदलाव का अहम वक्त होता है। ऐसे वक्त में उन्हें परिवार, सहेली, समुदाय, अध्यापक, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के उचित परामर्श, जानकारी की सख्त जरूरत होती है, ताकि वे विभिन्न भ्रांतियों के जाल में आने से बचें और मासिक धर्म के दारौन स्कूल मिस नहीं करें। भारत एक ऐसा मुल्क है, जहां किशोर लड़कियों की तादाद बहुत अधिक है। डॉ. सुजाता संजय ने बताया कि मासिक धर्म एक प्रक्रिया है, जो महिलाओं में 20 से 30 दिन पर आती है। जो 4 से 5 दिनों तक रहता है। हर लड़कियां जब 11 से 12 साल की होती है, तो उस समय इस चक्र के शुरूआत होने का समय आता है। यही समय है जब लड़कियों को इस संबंध में उचित सलाह देकर जागरूक किया जाए। गांव -देहात में अक्सर कई कारणों से महिलाएं सैनिटरी नैपकिन इस्तेमाल नहीं कर पाती हैं जैसे कि पैसे की कमी जागरूकता की कमी और सैनिटरी नैपकिन की सुलभता में कमी। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं माहवारी दिनों कपड़े से काम चलाती हैं जिसे स्वच्छ और सुरक्षित नहीं माना गया है। लेकिन यह चलन उनकी सेहत के लिए हानिकारक है और इस अज्ञानता से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं और यहां तक कि सर्वाइकल कैंसर प्रजनन मार्ग में संक्रमण हेपेटाइटिस बी का संक्रमण मूत्र मार्ग में संक्रमण और ऐसी अन्य अत्यंत गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हर साल लगभग 20 मिलियन लड़कियां स्कूल की पढ़ाई छोड़ देती हैं क्योंकि स्वच्छता का कोई साधन केवल लड़कियों का शौचालय और सैनिटरी नैपकिन वहां कुछ भी नहीं मिलता है। डॉ. सुजाता संजय ने कहा कि समाज में अंध विश्वास व्याप्त है कि मासिक आना एक अपवित्र चीज है। पर हकीकत यह है कि यह पवित्र चीज है, और हर स्त्री के जिंदगी का यह अहम हिस्सा है। महिलाओं को आज भी इस मुद्दे पर बात करने में झिझक होती है जबकि आधे से ज्यादा को तो ये लगता है कि मासिक धर्म कोई अपराध है। आजकल टीवी, इंटरनेट पर आज हर तरह की सामग्री मौजूद है जिसने लोगों की सोच मासिक धर्म के बारे में बदली है लेकिन अभी भी काफी लोग इस बारे में खुलकर बातें नहीं कर रहे हैं। लोगों को समझना होगा कि मासिक धर्म कोई अपराध नहीं है बल्कि प्रकृति की ओर से दिया गया महिलाओं को एक तोहफा है।




# पूर्णागिरि धाम के लिए दो बसों को किया रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गल्ला मंडी पंचमुखी मंदिर से मां पूर्णागिरि धाम के लिए श्रद्धालुओं की दो बसों को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु मां के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम करोड़ों लोगों की




आस्था का केंद्र है ।हर वर्ष पूर्णागिरि धाम में लगने वाले मेले में तराई से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर चंद्रपाल, राजू सैनी ,विक्की कुमार,बंटी कोली,रुद्रा, विशाल मेहरा आदि लोग मौजूद थे।




# राजाजी नेशनल पार्क भेजने के लिए बाघ को किया ट्रेंकुलाइज

रामनगर(उद संवाददाता)।विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से पांच बाघों को राजा जी नेशनल पार्क हरिद्वार भेजा जाना था, जिस क्रम में कॉर्बेट प्रशासन ने आखिरी नर बाघ को भी कुछ दिन पूर्व ट्रेंकुलाइज कर लिया है,अब उसका स्वास्थ्य परीक्षण के बाद भेजा जाएगा राजाजी नेशनल पार्क। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से कुछ बाघों को राजाजी नेशनल पार्क हरिद्वार भेजा जा रहा है। इसी क्रम में आखरी नर बाघ को भी पार्क प्रशासन द्वारा ट्रेंकुलाइज कर लिया गया है,जिसको कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंज क्षेत्र से ट्रेंकुलाइज किया गया है,जिसकी उम्र 3 से 4 वर्ष की बतायी जा रही है।बाघ को फिलहाल ढेला रेस्क्यू सेंटर में रखकर राजाजी नेशनल पार्क भेजने की तैयारी की जा रही है, अभी बाघ के सैंपल हैदराबाद जांच के लिए भेजे हैं,



स्वास्थ्य परीक्षण सही पाए जाने पर बाघ को जल्द ही राजा जी नेशनल पार्क भेजा जाएगा। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से 5 बाघों को राजाजी नेशनल पार्क हरिद्वार भेजा जाना है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है, क्योंकि राजाजी नेशनल पार्क में बाघों का कुनबा बढ़ाने के लिए पार्क प्रशासन ने अनुरोध किया था। जिसके बाद पहले पार्क प्रशासन द्वारा पूर्व में 3 बाघिन व एक नर बाघ को राजाजी नेशनल पार्क भेजा जा चुका है. वहीं राजाजी भेजे जाने को लेकर कॉर्बेट प्रशासन द्वारा एक और नर बाघ को ट्रेंकुलाइज किया गया है, जिसकी उम्र 3 से 4 वर्ष है। अब यह बाघ राजाजी नेशनल पार्क में आने वाले पर्यटकों को अपनीऔर आकर्षित करेगा। वहीं जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ धीरज पांडे ने बताया कि हमारे द्वारा एक और बाघ को कॉर्बेट पार्क के ढेला नॉन टूरिज्म क्षेत्र से विभागीय पशु चिकित्सकों की टीम जिसका नेतृत्व डॉ दुष्यन्त शर्मा कर रहे थे के द्वारा ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया है. जिसके बाद उसका स्वास्थ्य परीक्षणकरने के उपरांत बाघ को राजाजी नेशनल पार्क भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पहले पार्क प्रशासन ने 3 बाघिन और एक बाघ को यहां से भेजा था। अब आखरी पांचवे बाघ को राजाजी नेशनल पार्क भेजने को लेकर ट्रेंकुलाइज किया गया है। जिसको अभी रेस्क्यू सेंटर ढेला में रखा गया है।आगे शीघ्र ही इसको राजा जी पार्क भेजने की कार्रवाई की जायेगी।

# डॉ. राधा वाल्मीकि का नाम हार्वर्ड वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में दर्ज

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर के इंटर कॉलेज की प्रवक्ता डॉ. राधा वाल्मीकि का नाम हार्वर्ड वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में सह लेखिका के रूप में दर्ज किया गया है। जोकि पंतनगर समेत उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है। आजादी के अमृत महोत्सव पर दुनिया भर के स्वतंत्रता सेनानियों में भारत के सुप्रसिद्ध 75 स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्य गाथा से परिपूर्ण पुस्तक श्श्श्स्वराज के स्वरश्श्श को हावर्ड यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन की ओर से वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। डॉ. राधा के इस पुस्तक लेखन में सहयोग करने पर सह लेखिका के रूप में उनका नाम हार्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। इस पुस्तक में देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन की गौरव गाथा लिखने में देश भर के 75 वरिष्ठ एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकारों ने भी सह लेखक के रूप में अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। आगामी 12 जून को डॉ. राधा अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी व कवि सम्मेलन में भाग लेने इंडोनेशिया (बाली) और वियतनाम जाएंगी, जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. राधा इससे पहले भी अपनी शैक्षिक, सामाजिक और साहित्यिक सेवाओं से तीन बार द मोस्ट इंस्पायरिंग पर्सन ऑफ द अर्थ, द मोस्ट इंस्पायरिंग वीमेन ऑफ द अर्थ, द मोस्ट इंस्पायरिंग एजूकेटर ऑफ द अर्थ के रूप में अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने सहित सैकड़ों अवॉर्ड से सम्मानित हो चुकी हैं।

# ग्रामीणों ने तहसील में किया अवैध खनन का विरोध

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर है लेकिन स्थानीय प्रशासन आंखें मुँदे बैठा



है। इस मामले को लेकर ग्राम कुईखेड़ी के ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और ओर अवैध मिट्टी खनन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की। इतना ही नहीं खनन माफियाओं द्वारा निर्धारित स्थान पर मिट्टी का खनन न कर अन्य स्थान पर खनन किया जा रहा है। वही राजेंद्र पाल सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गदरपुर के नेतृत्व में ग्राम कुईखेड़ी गदरपुर के ग्रामीणों द्वारा तहसील गदरपुर पहुंचकर तहसीलदार गदरपुर से मिलकर ग्राम कुईखेड़ी में हो रहे अवैध मिट्टी खनन के संबंध में शिकायत की गई। ग्रामीणों का आरोप था कि एन0एच0आई0 द्वारा सड़क निर्माण हेतु ग्राम कुईखेड़ी में मिट्टी खनन की अनुमति ली गई है किंतु जिस खेत की अनुमति ली गई है उसके अतिरिक्त अन्य खेतों से भी मिट्टी उठाई जा रही है तथा खनन के मानकों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है उक्त शिकायत पर तहसीलदार गदरपुर द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि वह उक्त शिकायतों के संबंध में जांच कराई जाएगी और सुनिश्चित किया जाएगा की मानक के अनुरूप मिट्टी का खनन हो। तहसील में वार्ता करने में राजू, हरदीप सिंह, राम सिंह, गुरनाम सिंह, कल्याण सिंह, आदि लोग मौजूद रहे

# उत्कृष्ट रहा गुरूनानक डिग्री कॉलेज के बीएड परीक्षाफल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा बी0एड0 शिक्षा सत्र 2022-24 तृतीय सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षाफल घोशित हुआ जिसमें शत प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए । बी0एड0 तृतीय सेमेस्टर के परीक्षाफल में सोनी शर्मा 88.42 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान, अंशू गर्ग ने 88 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं हिमांशी अरोडा, मुस्कान फिरदौस, रिया गोयल, इंशा अंसारी ने 87.78 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । छात्रों के इस सफलता पर संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट स0 परमजीत सिंह जी, उपाध्यक्ष स0 वीरपाल सिंह, प्रबंधक स0 मंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष स0 किरनदीप सिंह विर्क , उप प्राचार्य डॉ0 अखिलेश सिंह, बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 नीरज कुमार जायसवाल ने सफल छात्रों को उनके इस सफलता पर शुभकामनायें दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर सहायक प्रवक्ता आनन्द राम, गौरव मिश्रा, संजय कुमार, प्रकाश सिंह अधिकारी, डॉ0 नाजिया बानो, श्रीमती असमीत कौर सेठी, श्रीमती प्रिया गुप्ता, डॉ0 रूपाली सक्सेना, संदीप त्रिपाठी. डॉ0 नवनीत कौर, डॉ0 फरजीन बानो, डॉ0 मीनाक्षी, कु0 शीतल, कु0 प्रियंका, कु0 सुरभि गौर, कु0 अदिति शाहनी, कु0 प्रियंका, श्रीमती एकता, अखिलेश खरे, परमजीत सिंह, अनुज हलधार, श्रीमती सर्वजीत कौर, राधेश्याम, दुर्गेश कुमार, परमानन्द एवं काफी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे ।



# जिले भर में नि:शुल्क क्रिकेट कैंपों का आयोजन कल से

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में दो दिवसीय निशुल्क क्रिकेट कैंप का आयोजन उधम सिंह नगर प्रत्येक ब्लॉक में किया जाना है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया है कि जिले में क्रिकेट के विकास व प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज के उद्देश्य से उधम सिंह नगर जिले के प्रत्येक विकासखंड में दो दिवसीय निशुल्क क्रिकेट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बीसीसीआई लेवल प्रशिक्षित क्रिकेट कोचिंग के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसकी शुरुआत 29 व 30 मई से डीपीएस स्कूल के क्रिकेट मैदान में रुद्रपुर ब्लाक से शुरुआत होगी। इसमें प्रतिभाग करने वाले कोई भी खिलाड़ी बालक व बालिका जिसकी आयु 8 वर्ष से अधिक हो प्रतिभा ले सकता है। खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। कैंप में प्रत्येक ब्लॉक से चयनित प्रतिभावान खिलाड़ियों को जिला स्तर पर क्रिकेट कैंप के लिए चयन किया जाएगा। अजय तिवारी ने बताया कि रुद्रपुर ब्लाक में 29-30 मई को डीपीएस स्कूल रुद्रपुर में यह कैम्प होगा। जिसमें कोच रितिक सिंह होंगे। गदरपुर ब्लॉक में 30 व 31 मई को मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर में कैम्प होगा। जिसके कोच राजेंद्र कुमार है। खटीमा ब्लॉक में 1- 2 जून को नोजगे क्रिकेट अकादमी खटीमा में कोच सुमित घोष प्रशिक्षण देंगे। काशीपुर ब्लॉक में 3-4 जून को शिवालिक क्रिकेट अकैडमी काशीपुर में कैम्प होगा। जिसके कोच मोहम्मद कादिर खान होंगे। जसपुर ब्लॉक में 5- 6 जून को ब्राइट स्टार्ट क्रिकेट अकादमी जसपुर में कोच मोहम्मद कादिर खान प्रशिक्षण देंगे। जबकि सितारगंज ब्लॉक में 8 और 9 जून विश्वनाथ क्रिकेट अकादमी सितारगंज में कैम्प होगा। जिसमें कोच अमरनाथ यादव होंगे। सभी ब्लॉकों में निशुल्क क्रिकेट कैंप का प्रशिक्षण उपरोक्त तिथियां के अनुसार सुबह 7 बजे से होगा। कैम्प में 8 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी निशुल्क प्रतिभाग कर सकते हैं।




# मतगणना कार्मिकों का हुआ प्रथम रेंडमाईजेशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाईजेशन किया गया जिसमे 153 मतगणना सुपरवाईजर, 162 मतगणना सहायक व 180 माईक्रो आब्जर्बर की तैनाती की गयी। इसी तरह पोस्टल मतगणना हेतु 41 मतगणना सुपरवाईजर, 82 मतगणना सहायक व 41 माईक्रोआब्जर्बर की तैनाती की गई। मतगणना कार्मिकों के प्रथम रेंडमाईजेशन में कार्मिकों की तैनाती की गयी तथा द्वितीय रेंडमाईजेशन में मतगणना कार्मिकों को विधानसभा आवंटन होगा तथा तृतीय रेंडमाईजेशन में विधानसभावार मतगणना टेबल आबंटित होगी। जिला निर्वाचन



अधिकारी ने बताया कि मतगणना विधानसभावार 14-14 टेबल रखी जायेगी तथा पोस्टल मतों की गणना 34 टेबलों में होगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी/नोडल कार्मिक मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि मौजूद थे।

# मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर किया जागरूक



गदरपुर (उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजीव सरना के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा मझराशीला में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ कल्पना पांडे महिला चिकित्सा अधिकारी आरबीएसके द्वारा मासिक धर्म को लेकर बालिकाओं में एवं महिलाओं में होने वाली भ्रांतियां को दूर करने हेतु जानकारियां प्रदान की गई। डॉ रेखा रानी महिला चिकित्सा अधिकारी आरबीएसके ने बताया कि यूनिसेफ के अनुसार, हर महीने, दुनिया भर में लगभग 1.8 बिलियन महिलाओं को मासिक धर्म होता है। अधिकांश महिलाओं के लिए मासिक धर्म जीवन का एक सामान्य और स्वस्थ हिस्सा है। वैश्विक आबादी का लगभग 26 प्रतिशत भाग रिप्रोडक्टिव ऐज ग्रुप की है। फिर भी, जैसा कि सामान्य है, दुनिया भर में मासिक धर्म को कलंकित किया जाता है। मासिक धर्म कलंक, वर्जनाओं और मिथकों के बारे में जानकारी का अभाव किशोर लड़कियों और लड़कों को इसके बारे में जानने और एक स्वस्थ आदत विकसित करने से रोकता है। परिणामस्वरूप लाखों लड़कियां, महिलाएं, ट्रांसजेंडर पुरुष और गैर-बाइनरी व्यक्ति अपने मासिक धर्म चक्र को सम्मानजनक, स्वस्थ तरीके से कंट्रोल करने में असमर्थ हैं। चुप्पी और वर्जना को तोड़ने, जागरूकता बढ़ाने और मासिक धर्म के आसपास के नकारात्मक सामाजिक मानदंडों को बदलने के लिए, दुनिया भर में 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ विकास सचान चिकित्सा अधिकारी आरबीएस के द्वारा बताया गया विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 28 मई को पूरे विश्व में एनुअल ग्लोबल एडवोकेसी डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य पूरे विश्व में जागरूकता बढ़ाना तथा मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन की उचित प्रथाओं को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष मासिक धर्म स्वच्छता दिवस की थीम महावारी को जीवन का सामान्य तथ्य बनाना है, जिस हेतु समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता हेतु विद्यालयों में एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता कैंपों का आयोजन किया जाता रहता है। कार्यक्रम में सी-3 संस्था के दीपांशु और एवं प्रियंका द्वारा किया प्रतिभाग किया गया । सी 3 संस्था द्वारा समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित किशोरियों को नव्या किट का वितरण किया गया। दीपांशु ने बताया कि नव्या किट में सेनेटरी नैपकिन, डिटर्जेंट पाउडर एवं मासिक धर्म के प्रश्नोत्तर पुस्तिका रखी गयी है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से विमला वैद्य एवं सोनिया वैद्य ( स्टाफ नर्स) तथा के एन जोशी एवं आतिश कल (फार्मासिस्ट) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं श्रीमती किरन विनायक (एएनएम) अंजू देवी (आशा फैसिलेटर) लक्ष्मी रावत, मंजू देवी एवं लक्ष्मी देवी (आशा कार्यकर्ता) एवं क्षेत्र की किशोरिया उपस्थिति रही । कार्यक्रम के अंत में किशोरियों को पुरस्कार का वितरण भी किया गया।

## भाकियू का चिंतन शिविर 9 से जून से हरिद्वार में

गदरपुर(उद संवाददाता)।ग्राम बलखेड़ा में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया । इसमें किसानों के भूमि संबंधी मुद्दों के निराकरण के लिए हरिद्वार में 9 जून से 11 जून तक होने वाले चिंतन शिविर की तैयारियों पर चर्चा की गई । सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने वाली प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चिंतन शिविर में कड़ा संदेश दिया जाएगा । उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं को बैठक को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई है और जिला कार्यकारिणी को लंगर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान दिगंबर सिंह, विक्रम सिंह गौराया ,धर्मेंद्र मलिक, स्वदेश कुमार डंग, अमनदीप सिंह, राजेंद्र कम्बोज सुखविंदर बठला ,संजय चौधरी आदि शामिल थे ।

# जैन मुनियों से दुव्यर्वहार मामले में सीएम ने दिये कार्रवाई के आदेश

देहरादून (उद संवाददाता)।जैन मुनियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचारित हो रहा है। जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को सभी तथ्यों की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। दूसरी मामले में उप-निरीक्षक दीपक लिंगवाल चौकी प्रभारी बछेलीखाल (तीनधारा) द्वारा बताया गया कि सोशल सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित किया गया है, जिसमें एक व्यक्ति जैन समाज के साधुओं से उनकी धर्म जाति के संबंध



में वीडियो बनाता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो की सत्यता व जांच की गई तो वीडियो तोताघाटी क्षेत्र में बनाया हुआ मालूम हुआ। वीडियो बनाने वाला सूरज सिंह फर्सवाण ग्राम रतगांव थाना थराली जनपद चमोली गढ़वाल हाल निवासी है। व्यक्ति द्वारा जैन समाज के साधुओं के प्रति उनकी नग्नता पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए वीडियो बनाया गया और सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। जिस कारण जैन धर्म के साधुओं के धार्मिक भावनाओं को आहत कर अपमानित किया गया। वीडियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया गया जिससे दिगम्बर जैन धर्म की धार्मिक भावनाओं को अपमानित कर ठेस पहुंचाया गया। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# संयुक्त टीम ने स्टोन क्रेशर और अवैध स्टॉक पर मारे छापे

रामनगर(उद संवाददाता)। अवैध खनन, भण्डारण एवं परिवहन से संबंधित शिकायतें प्राप्त होने पर उपजिला अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में राजस्व विभाग एवं खनन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सक्कनपुर में स्थित मनसा स्टोन क्रशर बिना वैध अनुमति के संचालित होना पाया गया एवं निरीक्षण में उपखनिज भी अवैध रूप अधिक भंडारित होना पाया गया। संयुक्त टीम ने स्टोन क्रशर को मौके पर सीज करते हुए स्टोन क्रशर के विरुद्ध 49 लाख के अर्थदंड की संस्तुति की गई। उदयपुरी चोपड़ा में 2 अवैध स्टॉक पाए गए उनके विरूद्ध भी 20 लाख के अर्थदंड की संस्तुति करते हुए सीज किया गया, जिन्हे मौके पर सीज कर दिए गया। इधर ग्राम चिल्किया में बगीचे में अवैध रूप से भंडारण पाए जाने पर मो. यामीन के विरुद्ध 52 हजार, ग्राम जस्सागांजा में भारती सैनी की प्लॉट में अवैध रुप से आरबीएम भंडारण होने पर 3 लाख 40 हजार के अर्थदंड की संस्तुति उत्तराखंड खनिज नियमावली के अंतर्गत की गई और मौके पर भण्डारण सीज किया गया। पीरूमदारा स्टोन क्रशर, पापड़ी में भी अवैध भण्डारण हों पाया गया, उपरोक्त के विरुद्ध भी 1 करोड़ 15 लाख के अर्थदंड की संस्तुति की गई। टीम ने स्टोन क्रशरों के सीसीटीवी एवं निकासी द्वारा को जांच की गई। उपजिलाधिकारी, रामनगर द्वारा वैध प्रवेश निकासी द्वारों एवम सीसीटीवी की जांच हेतु पृथक से टीम भी गठित की गई है ।



# आरएएन की पूर्व छात्रा ने किया छात्र-छात्राओं का किया मार्गदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर ए एन पब्लिक स्कूल रूद्रपुर में आर ए एन की बिलासपुर शाखा से 12वीं उत्तीर्ण कर आई.आई.एम. मुंबई में एम.बी.ए. कोर 2024-26 के लिए प्रवेश प्राप्त किया है, ने बार कक्षा 12वीं के वाणिज्य वर्ग के छात्रों से भेंट की। ख्याति ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सही दिशा में निरंतर प्रयास और मेहनत से कोई भी छात्र अपने सपनों को साकार कर सकता है।इस अवसर पर ख्याति ने छात्रों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर भी दिया और उनके संदेह दूर किए। उन्होंने छात्रों को परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन और इंटरव्यू की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के प्राचार्य और अध्यापकगण ख्याति की इस उपलब्धि पर गर्वित महसूस कर रहे हैं और उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# गदरपुर महाविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू

गदरपुर। राजकीय महाविद्यालय द्वारा इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु पंजीकरण करवाने हेतु स्थानीय बाजार में जाकर अपील की गई। प्राचार्य प्रो० शर्मिला सक्सेना एवं एसटीओ अर्चना वर्मा द्वारा भीषण गर्मी में दुकानदारों को पंजीकरण



प्रक्रिया से अवगत कराकर पम्पलेट वितरित किये। साथ ही पुलिस चौकी के बाहर फ्लेक्स लगवा कर प्रवेश हेतु समय से पंजीकरण करवाने के लिए कहा गया। गौरव जोशी व कुलवीर ने आते जाते लोगों को प्रवेश प्रवेश प्रक्रिया से अवगत कराया।

# बच्चों को कर रही हैं प्रोत्साहित कर रही मुस्कान चावला

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर निवासी मुस्कान चावला अब किसी परिचय की मोहताज नहीं है ,भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर भारतीय संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने उनकी जीवनी व उनके विचारों के विषय में ओजस्वी भाषण दिया था। इस भाषण के बाद चर्चा में आई मुस्कान चावला अब अनेक मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है।मुस्कान ने युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य मे आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया उन्हें उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। उनका यह सफर यहीं नहीं रुका, मुस्कान ने नासिक (महाराष्ट्र) में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया । मुस्कान ने अनेक युवा साथियों के साथ मिलकर वार्ड नंबर सात शिव मंदिर रामलीला गदरपुर में महिला सशक्तिकरण जागरूकता हेतु नाटक का मंचन किया व मंचन से प्रभावित होकर रामलीला कमेटी ने मुस्कान चावला व उनकी टीम को सम्मानित किया। मुस्कान चावला को श्री रामलीला कमेटी सनातन धर्म मंदिर, द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । मुस्कान चावला को गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर परिसर में आयोजित सम्मान समारोह मे सरोपा व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । मुस्कान चावला को अमर उजाला द्वारा आयोजित अपराजिता कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भारत विकास परिषद , भारतीय जनता पार्टी , निवर्तमान केंद्रीय मंत्री व नैनीताल - उधम सिंह नगर अजय भट्ट द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मुस्कान चावला ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत स्वायात्तशासी संस्था नेहरू युवा केंद्र संगठन में विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के रूप में तीन वर्षों तक कार्य किया है जिसके अंतर्गत मुस्कान चावला ने गदरपुर में अनेको शैक्षणिक,सामाजिक, स्वैच्छिक महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त युवाओं की खेल प्रतिभा को देखते हुए अनेक विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया।



# चिल एण्ड थ्रिल समर ब्रेक पार्टी में बच्चों ने खूब मस्ती

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में कक्षा एक व कक्षा दो के बच्चों के लिए चिल एण्ड थ्रिल समर ब्रेक पार्टी आयोजित की गई। जिसमें कक्षा एक व कक्षा दो के सभी विद्यार्थी सम्मिलित थे। बच्चों के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें क्रमशः टारगेट हन्ट, पुट द कोन, मेक ए पिरामिड आदि गतिविधियाँ शामिल थीं।आकर्षण का केंद्र बिंदु आईसक्रीम पार्लर था। इस दौरान सभी बच्चों ने खूब मस्ती करते हुए जुम्बा किया। विद्यालय द्वारा बच्चों को आइस क्रीम दी गई। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा और प्री-प्राइमरी कॉर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका शर्मा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता मियान, श्रीमती रितिका बोरा, श्रीमती सोनिया मेहता, श्रीमती रिचा मनचंदा, सुश्री आयुषी कनवाल, संजय गोस्वामी, मोहित पंत, गौरव कुमार, गौरव नयाल, विजय पाण्डे, सुश्री अंकिता चौधरी, श्रीमती रीता राठौर आदि उपस्थित थे। चिल एण्ड थ्रिल समर ब्रेक पार्टी सफल और मनोरंजक कार्यक्रम रही, जो बच्चों के लिए एक यादगार दिन साबित हुआ।





# राहगीरों को वितरित किया शरबत

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत गूलरभोज अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी ने शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास चने और मीठे शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी के अलावा तरुण दुबे,अनीता दुबे, बिजेंद्र यादव, शेषनारायण शुक्ला, इंदर सिंह राठौड़, डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, हरीश छाबड़ा, संजीव भटेजा, नंदन सिंह कोशयारी, सुरेश धपोला, अमित कुमार गुप्ता, पवन डोगरा, राजेश कुमार, विजय कुमार, आशु रघुवंशी, राम किशन दहूजा,अंकित जोशी, प्रेम सागर और नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।



# डीएम ने मतगणना की व्यवस्थाओं का लिया जायजा





रुद्रपुर( उद संवाददाता)।जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बगवाड़ा में नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए मतगणना की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा 29 मई को मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण विकास भवन में दिलाने के निर्देश नोडल कार्मिक को दिए। उन्होंने नोडल लॉजिस्टिक को निर्देश दिए कि आवश्यकता अनुसार कंप्यूटर , स्कैनर, प्रिंटर व अन्य उपकरणों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस व एआरटीओ को वाहनों की पार्किंग व्यवस्था करने के साथ ही उन्होंने नोडल बैरिकेडिंग को सभी विधानसभावार मतगणना केंद्रों में बैरिकेडिंग करने के साथ ही जालियां लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने वीवीपैट की मतगणना हेतु जाल से विजन प्रत्येक विधानसभा में एक-एक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना दिवस पर सुचारू विद्युत व्यवस्था, जनरेटर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा गर्मी का मौसम है इसलिए कूलर की व्यवस्था भी रखें। उन्होंने नोडल खानपान को पर्याप्त पेयजल व्यवस्था रखने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने स्वच्छ शुद्ध खानपान व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विधानसभावार लाउडस्पीकर लगाने के निर्देश दिए ताकि चक्रवार सूचना जनता को दी जा सके। उन्होंने कहा मीडिया सेंटर को पर्याप्त कुर्सी टेबल के साथ ही एलइडी लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नोडल ईटीबीपीएस व पोस्टल मतगणना की व्यवस्था हेतु पर्याप्त कंप्यूटर , स्कैनर प्रिंटर आदि की मांग नोडल लॉजिस्टिक्स से कर लें ताकि पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सके। उन्होंने एमएनए नगर निगम को पर्याप्त पानी के टैंकर, मोबाइल शौचालय , साफ सफाई हेतु पर्यावरण मित्र भी लगाने के निर्देश दिए उन्होंने सचिव मंडी को मंडी के सभी शौचायलयों को साफ कराने के निर्देश भी दिए।इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया साथ ही विधानसभावार स्ट्रांग रूम का स्थलीय निरीक्षण भी किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी , पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर घोडके , नोडल ईवीएम टी एस मर्तोलिया,नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट , गौरव पांडे , डॉ अमृता शर्मा, नोडल शिप्राजोशी, सहायक नोडल व्योमा जैन , सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारीआदि मौजूद रहे।

# पौधारोपण का महत्व समझना अत्यंत आवशयक: बेहड़



किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि राज्य तथा जिले में गर्मी का प्रकोप निरंतर बढता जा रहा है हर वर्ष पिछले साल के गर्मी के रिकार्ड टूट जाते है। जिस प्रकार दिन प्रतिदिन गर्मी बढती जा रही है आने वाली पीड़ी के लिए और अधिक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा द्य गर्मी के प्रकोप को कम करने का एक मात्र उपाय है वृक्षारोपण, वे सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह करते है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे तभी हम निरंतर बढ़ते पारे को कम कर सकते है व प्रकर्ति को ग्लोबल वार्मिंग से बचा सकते है। आने वाली नई पीड़ी को वृक्षारोपण का महत्व समझाना अत्यंत आवशयक है। इससे पूर्व जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास किच्छा स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी।जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान हेतु आवशयक कार्यवाही की। प्रत्येक सोमवार को विधायक बेहड के कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें वह तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जिसको लेकर आज प्रात काल से ही उनके कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। इस दौरान वार्ड न०-13,14 व 7 के निवासियों ने विधायक बेहड़ से मिलकर उनके संज्ञान में लाया गया कि लेफ्ट पाहा नहर के निर्माण के कारण उनके घरो से निकलने वाली नालियों का पानी जो कि 1977 से प्रशासन द्वारा लेफ्ट पाहा में गिराया जाता था उसकी निकासी अब लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग के बाद बंद करा दी गयी है जिस पर विधायक बेहड़ ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका किच्छा को पानी की निकासी करने हेतु जांच कर आवशयक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया,मुन्नी देवी निवासी शंकर फार्म ने बिजली के बिल की समस्या से अवगतकराया,वार्ड 19-20 के निवासियों ने पीनी के पानी की समस्या से अवगत कराया। बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हरहाल में निस्तारण किया जायेगा।

# यातायात व्यवस्था सुगम बनाने को डटी ही पुलिस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वर्तमान पर्यटन सीजन की दृष्टिगत जनपद के विभिन्न दर्शनीय स्थलों में भारी संख्या में सैलानी पहुँच रहे हैं। प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा एवम सुगम यातायात हेतु पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस कर्मियों द्वारा पर्यटकों हेतु



सुगम, सुरक्षित, बेहतर संचालन व निर्बाध यातायात प्रदान करने हेतु दिन रात, धूल मिट्टी, बरसात एवं कड़ी धूप में चौराहों पर खड़े होकर यातायात का सुचारु रुप से संचालन किया जा रहा है। यातायात ड्यूटी पर तैनात जवान लगातार कर्तव्य निष्ठाता के साथ यातायात सुचारू करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं।

# नहर में गिरने से तीन वर्षीय मासूम बालक की मौत

रामनगर( उद संवाददाता)। मल्ला कानियां बस्ती में सोमवार शाम घर के पास खेल रहा तीन साल का एक बच्चा नहर में गिर गया। पता चलने पर खोजबीन हुई तो डेढ़ किमी दूर हिम्मतपुर डोटियाल में बच्चे का शव बरामद हुआ। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार मल्ला कानियां में प्लम्बर मनोज अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहता है। सोमवार शाम मनोज का तीन साल का बेटा भरत घर से सटी नहर के किनारे खेल रहा था। इसी बीच वह नहर में गिर गया। कुछ देर तक जब भरत नहीं दिखाई दिया, तो उसकी मां उसे खोजने लगी। नहर किनारे मासूम भरत की एक चप्पल दिखाई दी, इस पर मां के होश उड़ गए। परिजनों के साथ ग्रामीणों ने मासूम की खोजबीन की। सूचना पर दमकल के इंचार्ज सुशील कुमार भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर हिम्मतपुर डोटियाल गांव में नहर से भरत का शव बरामद किया गया। बेटे का शव देखकर मनोज और उसकी पत्नी बदहवास हो गए। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धार्मिक समागम में रागी जत्थों ने संगत को किया निहाल

गदरपुर( उद संवाददाता)। पूर्व ब्लाक प्रमुख और उत्तराखंड प्रदेश के पैक्स चेयरमैन लेखराज तनेजा ने अपनी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर में अमृत प्रचार संगत के तत्वाधान में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे ,वहीं असंध हरियाणा से आए ज्ञानी गुज्जर सिंह एवं करनाल हरियाणा से आए ज्ञानी नरेंद्र सिंह द्वारा गुरबाणी की कथा करके लेखराज तनेजा के अलावा उनकी पत्नी सुमन तनेजा पूर्व वाइस चेयरमैन नगर पालिका, पुत्र विवेक तनेजा, विकास





शादी की 50वीं वर्षगांठ पर धार्मिक कार्यक्रम करवाकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब और संगत से आशीर्वाद प्राप्त किया। रागी जत्था भाई जगजीत सिंह, सहज पाल सिंह द्वारा अमृत रूपी गुरबाणी का कीर्तन करके संगत को निहाल किया संगत को गुरु के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। वही अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह द्वारा तनेजा,विशाल तनेजा एवं पुत्री पारुल सहित नाती, पोतों एवं अन्य रिश्तेदारों को भी शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चुनाव की पवित्रता

लोकतंत्र तथा चुनाव में बहुत गहरा सम्बन्ध है। लोकतांत्रिक प्रणाली में चुनाव पंचवर्षीय पर्व है। भारतीय संविधान अपने नागरिकों को निष्पक्ष एवं निर्भय होकर अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार देता है। इसी चुनाव से लोकतन्त्र मजबूत होता है। यही संविधान अपने नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी प्रदान करता है। यदि किसी नागरिक के अधिकारों का हनन हो रहा हो तो उसे सीमाओं में रहते हुए मर्यादित भाषा, वाणी एवं आचरण से अपने विचार रखने की स्वतन्त्रता है। ऐसा माना जाता है कि राजनीति में साम, दाम, दण्ड, भेद सब कुछ चलता है, लेकिन नागरिकता तथा न्याय की परिधि में ही सब कुछ शोभित होता है। जनता का प्रतिनिधित्व तथा देश को नेतृत्व प्रदान करने वाले नेताओं से आशा की जा सकती है कि उनका आचरण तथा व्यवहार अच्छा हो। उनका चरित्र अनुकरणीय एवं उदाहरणीय हो। वे कर्मठ, ईमानदार, चरित्रवान एवं सत्यनिष्ठ हों। उनकी भाषा सभ्य तथा वाणी मधुर हो। किसी भी कीमत पर चुनाव जीतना किसी भी व्यक्ति के लिए कोई अन्तिम उद्देश्य नहीं हो सकता। राजनीति साध्य है, साधन नहीं है। किसी भी राजनेता के लिए राजनीति अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने का साधन नहीं है, बल्कि यह गरीबों, दीन-दुखियों, पीडिघ्तों, वंचितों, शोषितों, उपेक्षितों तथा हाशिए पर रह रहे लोगों की सेवा का माध्यम है। विचार किया जाए तो भारतीय लोकतंत्र में मतदाता का स्थान सर्वोच्च है। क्योंकि वह मत देने वाला 'दाता' है, जबकि नेता तो उसके वोट की उम्मीद कर जीतने की आशा रखता है। यहां पर मतदाता तथा उम्मीदवार को भी अपना स्थान पता होना चाहिए। नम्र और विनम्र होकर वोट मांगा जाता है, न कि दम्भ और घमंड में रौब दिखाने से समर्थन मिल सकता है। नेता को अनुकरणीय एवं उदाहरणीय होना चाहिए। जहां मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार से नम्र, विनम्र, सभ्य, सुशील, शिक्षित तथा व्यवहार कुशल होने की आशा रखता है, वहीं पर चुनावी मौसम में नेता कुछ भी बोलने तथा करने से परहेज नहीं करते। प्रतिद्वंद्वी लोग विपक्षी नेता की मानहानि, चरित्रहनन तथा उसके परिवार एवं पूर्वजों तक के चरित्र की भी चीरफाड़ कर देते हैं जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मशहूर शायर बशीर बद्र का एक शे'र ऐसे मौके पर बहुत सटीक और शिक्षाप्रद है- 'दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी दोस्त बन जाएं तो शर्मिन्दा न हों।' यह भी सही है कि विभिन्न दलों के प्रत्याशी भी प्रतिष्ठित परिवारों से सम्बन्ध रखते हैं। पार्टियों द्वारा उम्मीदवारी के लिए चयन उनकी छवि एवं योग्यता के आधार पर ही होता है। सभी उम्मीदवारों को चाहिए कि वे अपने भाषणों में मुद्दों तथा देश के विकास की बात करें, न कि अपनी वाणी से एक दूसरे पर व्यक्तिगत छींटाकशी करके आग के गोले दागें। यह देश के भविष्य, सभ्य समाज तथा आपसी सौहार्द, भाईचारे तथा सामाजिक सम्बन्धों की दृष्टि से अच्छा नहीं है। चुनावी मौसम में नेताओं की वाणी परस्पर आग के गोले बरसाती रहती है और जनता राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों का आनन्द लेती रहती है। चुनावों के दौरान नेता किसी भी कीमत पर चुनाव जीतने के लिए किसी भी घटिया तथा निम्न स्तर पर चले जाते हैं तथा भाषा, वाणी, मर्यादा, व्यवहार तथा आचरण सब कुछ भूल जाते हैं। यह भी विडम्बना है कि चुनाव जीतने के बाद यही लोग जीत के परिणाम से शुद्ध होकर जनता के लिए फिर से माननीय तथा सम्माननीय हो जाते हैं तथा आवश्यकता पडने पर राजनीतिक दूरियां मिटाकर एक दूसरे से हाथ मिला लेते हैं। जनता फिर से बिना किसी शर्त इन्हें पूर्व रूप में स्वीकार कर लेती है।

# पारदर्शिता से सम्पन्न करायें मतगणना: राजीव कुमार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग राजीव कुमार ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मतगणना की तैयारियों की बैठक ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने शांतिपूर्ण मतदान करने हेतु सभी को बधाई दी व कहा कि मतगणना निर्वाचन का द्वितीय महत्वपूर्ण चरण है इसलिए सावधानी व पारदर्शिता से मतगणना सम्पन्न करायें। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन अधिकारी आयोग के मानकों के अनुसार मतगणना की सभी तैयारियां करें व सावधानी व पारदर्शिता से मतगणना सम्पन्न करायें। उन्होंने मतगणना कार्मिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा




सीसीटीवी की नजर में मतगणना की जाए तथा प्रत्याशियों व उनके एजेंटों को मतगणना मशीन (कंट्रोल यूनिट) की सील, ऐडरस टैग, डिस्पले अवश्य दिखायें व मतगणना डाटा साझा करें ताकि मतगणना की पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा ईटीपीबीएस की स्कैनिंग व पोस्टल मतगणना में विशेष ध्यान व सावधानी रखी जाए। स्ट्रांग रूम खोलते समय प्रत्याशी व उनके अभिकर्ता को अवश्य बुलाया जाए। मतगणना उपरान्त निर्धारित प्रपत्रों में सूचना आयोग को उपलब्ध करायेंगे तथा मतगणना उपरांत ईवीएम मशीनों को सुरक्षा बलों की सुरक्षा में व प्रत्याशियों, प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस में सुरक्षित रखा जाये व सील किया जाए। वीसी में रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, डॉ अमृता शर्मा, नोडल पोस्टल शिप्रा जोशी, सहायक नोडल कार्मिक मुख्य शिक्षा अधिकारी के. एस. रावत, व्योमा जैन, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# जन समस्याओं को लेकर कमिश्नर से मिले उत्तराखंड युवा एकता मंच के पदाधिकारी

नैनीताल(उद संवाददाता)।सोमवार को उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पियूष जोशी व पवन रावत ने नैनीताल स्थित कुमाऊँ आयुक्त कार्यालय में कमिश्नर दीपक रावत से मुलाकात

विषय में आयुक्त कुमाऊँ-मंडल को अवगत कराया। जिसपर आयुक्त दीपक रावत नें कहां कि सीमेंट फर्श को तोड़ने पर कार्रवाई की जा रही हैं और इसे पूर्ण रुप से तुड़वाया जाएगा। स्थानीय युवाओं



की। इस दौरान उन्होंने भवाली शहर में चल रहें पेयजल संकट पर अपनी बात रखी और शिप्रा नदी की बदहाल स्थिति लगातार सूखने और कालीपुल से लेकर ओल्ड जी जी जी आई सी स्कूल तक शिप्रा नदी के तल में डले मोटे लेंटर के

की समस्या शहर के एकमात्र खेल मैदान की बदहाल स्थिति से भी अवगत कराया जिसपर शासन द्वारा 15 जून तक कैंची मेले व टूरिस्ट सीजन की वजह से हर-वर्ष की भांति मैदान का इस्तेमाल पार्किंग के रुप में किए जाने की बात सामने आई।

# हंस फाउंडेशन के डायलिसिस सेंटर से महंगे इंजेक्शन चोरी

## चोरी पर चोरी,पुलिस को मिल रही चुनोती

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बाबा बागनाथ नगरी को शांत और ईमानदारी की मिसाल के लिए जाना जाता है, पर अब यहां दबंगो नशेड़ी किश्म के अराजक तत्वों का बोलबाला होने लगा है, पहले करो दबंगई फिर ढूंढो काम अवैध धंधे से मालामाल बनकर कई दबंग बन जाते हैं, फिर अवैध कमाई से रसूखदार भी बन जाते हैं, फिर ना ऐसे तत्वों को किसी का भय ही रहता है,वही नगर में अब चोरियां भी होने लगी है, एक माह से अधिक समय हो गया जिला जजी के आवासीय कालोनी में कर्मचारी के घर का ताला तोड़कर नकदी और कीमती जेवर लेकर चोर रफूचक्कर हो गए, सब लोगों ने जजी में हुई चोरी का जल्दी खुलासा होने की उम्मीद थी, पर अब तक पुलिस चोरी का।खुलासा करने में नाकाम रही है, वही अब जहां घर मे चोरी हुई वही केंसर रोगियों के इलाज के लिए हंस फाउंडेशन द्वारा स्थापित किए गए डायलिसिस सेंटर में महंगे इंजेक्शन चोरी होने की घटना सामने आई है, वही नगर में लगातार चोरियां होने से पुलिस के लिए चुनोतियाँ बढ़ने लगी है, वही पूर्व में हुई चोरी का खुलासा नही होने से पुलिस की कार्यशैली पर भी लोग आपस मे चर्चा कर सवाल उठाने लगे हैं।लोगों ने अब पुलिस से जल्द चोरियों का खुलासा करने की मांग उठाई है, वही डायलिसिस सेंटर में चोरों द्वारा खिड़की तोड़कर की गई चोरी और महंगे इंजेक्शन चोरी करने की घटना से लोगों में अब चोरों का भय सताने लगा है।ऐसे में अचानक कैसे चोरों ने महंगे इंजेक्शन की चोरी की,चोरी करने के पीछे का रहस्य क्या है इसको लेकर भी लोगो के मन में सवाल उठ रहे हैं।वही मामले में सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है, पुलिस के अनुसार दवाई की जानकारी रखने वाले ही महंगे इंजेक्शन चोरी करने की घटना को अंजाम दे सकते हैं,फिलहाल पुलिस सभी एंगिलो से मामले के खुलासे में जुट गई है।

# अच्छे मतदान के लिए प्रवासी मतदाताओं का मतदान जरूरी

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान लगभग 61.66 प्रतिशत रहा। तमाम प्रयासों के बावजूद निर्वाचन आयोग द्वारा दी जानकारी के मुताबिक देश में हुए मतदान का प्रतिशत 60 के करीब रहा है। अंतिम सातवें चरण का मतदान शेष है। यह मतदान भी लगभग 60 के करीब रहेगा। छठें चरण में लोगों ने प्रचंड गर्मी के बावजूद मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बावजूद पूर्ण के करीब मतदान नहीं होने का प्रमुख कारण चालीस से पैंतालीस करोड़ के बीच वे प्रवासी मतदाता हैं, जो मतदान के दिन मूल निवास स्थल पर उपस्थित नहीं रह पाते हैं। अतएव इन मतदाताओं को भी जहां हैं, वहीं मतदान करने की सुविधा मिल जाए तो मतदान का औसत प्रतिशत 90 से ऊपर पहुंच सकता है ? इस नजरिए से चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम (आरवीएस) तैयार किया है। इस मशीन की मदद से मूल मतदान स्थल से दूर रह रहे किसी दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। यानी मतदान के लिए उन्हें अपने मूल निवास स्थल पर आने की जरूरत नहीं रह जाएगी। यह उपाय मत-प्रतिशत बढ़ाने का काम करेगा। यानी जनप्रतिनिधियों का चुनाव अधिकतम मतदाताओं के वोट डालने से होगा, जो लोकतंत्र को पारदर्शी बनाने का काम करेगा। आयोग ने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए आरवीएस मशीन विकसित कर उल्लेखनीय पहल की है। इसकी जरूरत इसलिए थी, क्योंकि बड़ी संख्या में देश के मतदाता मजदूरी, पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और अन्य काम-धंधों के लिए मूल निवास स्थल छोड़ जाते हैं। इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते। आयोग का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में करीब 30 करोड़ यानी 67.4 प्रतिशत लोग इन्हीं कारणों के चलते अपने मत का उपयोग नहीं कर पाए थे। ऐसा लोकसभा और विधानसभा दोनों ही चुनावों में होता है। चुनाव विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि करीब 45 करोड़ लोग पलायन के चलते मतदान से वंचित रह जाते हैं। इसलिए लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि इन देशज प्रवासियों के मतदान का कोई व्यावहारिक उपाय निकाला जाना चाहिए। इसी नजरिए से आयोग ने इन प्रवासियों के लिए आरवीएम प्रणाली शुरू करने का प्रस्ताव पेश किया है। इस सिलसिले में आयोग ने दावा किया है कि यह मशीन त्रुटिहीन बनाई गई है, इसलिए मतदान निष्पक्ष होगा। हालांकि मतदान की इस प्रक्रिया को इंटरनेट से नहीं जोड़ा जाएगा। आयोग फिलहाल इसे प्रायोगिक तौर पर लागू करना चाहता है, जिससे इसके प्रयोग की निष्पक्षता स्पष्ट हो जाए। बाद में इसे पूरे देश में अनिवार्य बना दिया जाएगा। अनेक चुनाव विशेषज्ञ इस प्रणाली को एक क्रांतिकारी पहल मानकर चल रहे हैं। देश में निसंदेह एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो अपना घर और शहर छोड़कर आजीविका के लिए दूसरे शहरों या राज्यों में रह रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में युवा हैं। हालांकि इनका कोई एकीकृत आंकड़ा देश और



आयोग के पास नहीं है। फिर भी सब जानते हैं कि बड़ी संख्या में प्रवासी मतदाता हैं। ये लोग नई जगह पहुंचने के बाद नया वोटर पंजीयन भी नहीं कराते हैं। नतीजतन मतदान से वंचित रहते हैं। इन्हें जहां रह रहे हैं, वहीं मतदान की सुविधा मिल जाए, इस नजरिए से आरवीएम की परिकल्पना की गई है। आईआईटी मद्रास की मदद से 'मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएम' के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया है, जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इस साल होने वाले 9 राज्यों के चुनाव में इसका प्रयोग संभव हो पाएगा ? लेकिन भविष्य में इसका प्रयोग होना तय है। 2023 में जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव होना संभावित हैं। यदि यहां इस मशीन का इस्तेमाल होता है तो घाटी के उन घरेलू प्रवासियों को मतदान की सुविधा मिल जाएगी, जो लाखों की संख्या में जम्मू समेत दिल्ली एवं अन्य राज्यों व नगरों में रह रहे है। ऐसा होता है तो उन अलगाववादी राजनीतिक दलों को बड़ी चुनौती पेश आएगी, जो अत्यंत सीमित मत प्रतिशत से सरकार बनाकर सत्ता का लाभ उठाकर संवैधानिक लोकतंत्र का मजाक उड़ाते रहे हैं। हालांकि आरवीएम के इस्तेमाल को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध जता दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल तो इस मशीन के प्रयोग पर किसी भी स्थिति में राजी नहीं होंगे। क्योंकि वे जानते हैं कि घाटी से पलायन करने वाले करीब पांच लाख विस्थापितों को मतदान की आसान सुविधा मिल गई तो चुनाव में उनकी दाल गलने वाली नहीं है। हालांकि जब भी चुनाव सुधार की दृष्टि से जो भी उपाय सामने लाया जाता है, तो विपक्ष उसका विरोध करता ही है। जब ईवीएम से मतदान अनिवार्य किया गया था, तब भी इसकी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए गए थे। आज भी जो दल चुनाव में हार जाता है, वह ईवीएम में गड़बड़ी के सवाल उठा देता है। लेकिन यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक है, क्योंकि निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के अभियान चलाए जाने के बावजूद अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान 50 प्रतिशत से भी कम देखने में आ रहा है। इस नाते जन-प्रतिनिधित्व का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। अतएव इसे दूर करना आयोग समेत राजनीतिक दलों का नैतिक और संवैधानिक दायित्व बनता हैं कि वे उन मतदाताओं का मतदान कराएं, जो अनेक जरूरी कारणों से देश में ही प्रवासी बने हुए हैं। बावजूद आरवीएम व्यवस्था यदि इस्तेमाल से वंचित रह जाती है तो यह उन करोड़ों लोगों के साथ न्याय होगा, जो मतदाता होते हुए भी अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे। लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुए, उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका है, वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है। मतदान की अनिवार्यता अथवा आरवीएम से सुविधा का मतदान कथित अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को 'वोट बैंक' की लाचारगी से भी छुटकारा दिलाएगी। राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से निजात मिलेगी। क्योंकि जब प्रवासियों को आरवीएम से मतदान की सुविधा मिल जाएगी तो किसी धर्म, जाति या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहंमियत खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत अथवा हार को प्रभावित नहीं कर पायेगा। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की जरूरत नगण्य हो जाएगी। जब पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की छाया थी, तब वहां हुए विधानसभा चुनावों में 15 से लेकर 20 प्रतिशत मतदान से ही सरकारें बनती रही हैं। साफ है, यह स्थिति लोकतंत्र के लिए उचित नहीं रही। इससे खासतौर से जम्मू-कश्मीर में तीन दशक अलगाववाद और आतंकवाद का पोषण होता रहा। अतएव अधिकतम मतदान के हालात आरवीएम के इस्तेमाल से निर्मित होते हैं तो भारतीय राजनीति संविधान के उस सिद्धांत का पालन करने को विवश होगी, जो सामाजिक न्याय और समान अवसर की वकालात करता है।

**-प्रमोद भार्गव**
लेखक/वरिष्ठ पत्रकार

# जीवन में बदलाव तभी होगा जब हम मानेंगें कि हम बहुत कष्ट में हैं : आचार्य प्रशांत






ग्रेटर नोएडा। केसीसी कॉलेज में आयोजित संत सरिता महोत्सव में प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने कहा कि तब तक हमारे जीवन में बदलाव नहीं आ सकता जब तक मन के केंद्र में कामना बैठी हुई है, बदलाव तभी होगा जब हम अहम को छोड़ने का निर्णय लेंगे।उन्होंने कहा कि परखा उसे जाएगा जो आपके जीवन में आ रहा है चाहे वह कोई वस्तु, व्यक्ति हो कुछ भी विचार हो ,लेकिन होता क्या है हम खुद को नहीं परखते ,खुद को नहीं देखते कि मेरी हालत क्या है ? मैं कौन हूँ ?वह अंतर्मुखी नहीं होगा वह बाहरी मुखी होगा क्योंकि केंद्र में जो बैठा है वह गलत है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में आत्मा बैठी है केंद्र में यदि सत्य बैठा है, तो फिर परखा उसे नहीं जाता जो आ रहा है फिर स्वयं को परखा जाता है। स्वयं को देखा जाता है कि जो चीज मेरे जीवन में आ रही है वह मेरे जीवन को ऊंचाई दे रही है या नहीं दे रही, ऐसे परखा जाता है। अगर कोई व्यक्ति या वस्तु आपके जीवन में आता है और वह आपकी चेतना को ऊंचाई देता है आपको अंधकार से बाहर निकालता है तो फिर वह आपके लिए अनमोल है फिर उसके सामने सर झुका देना ही उत्तम है।कांच के गिलास और पेंसिल का उदाहरण देकर आचार्य जी समझ रहे थे कि कांच का जो गिलास है अहंकार है और पेंसिल कोई बाहरी वस्तु है या व्यक्ति है । आचार्य प्रशांत ने कहा कि यदि कुछ बेहतरी नहीं हो रही है तरक्की नहीं हो रही है तो फिर व्यक्ति, विचार, वस्तु कोई भी कुछ काम की नहीं है ऐसे परखा जाता है जीवन में जो कुछ आ रहा है वह आपके काम का है कि नहीं। स्वयं को देखना हमें मुश्किल पड़ता है इसलिए फिर हम दूसरों को देखते रहते हैं। अहम के संदर्भ में उपकरण का उदाहरण देकर कहा कि उपकरण पर भरोसा करने से पहले यह देखना पड़ता है कि उपकरण भरोसा करने योग्य है या नहीं। तो अहंकार के जो उपकरण है वह मन है, बुद्धि है, इंद्रियां है तो पहले हमें अपने अंदर देखना पड़ता है कि हमारा मन कैसा है हमारे इंद्रिया कहाँ जा रही हैं हमारी बुद्धि कैसी है तो पहले हमें यह सब चीज अपने अंदर देखनी पड़ती है फिर हम यह अच्छे से देख सकते हैं कि जो सामने वाला है वह आपके लिए सही है या नहीं, लेकिन यदि हमारा ही उपकरण गलत है तो फिर हम उपकरणों के माध्यम से कैसे दूसरों को परख पाएंगे।। उन्होंने कहा कि अहंकार है अनाड़ी, लेकिन खुद को जौहरी मानकर हीरे को परखता है यही गलती उसके दुख का कारण बनती है। उन्होंने बताया कि बार-बार हमें पेड़ की जड़ों को नहीं देखना है कि पेड़ बड़ा हो रहा है या नही हमें उसकी शाखाओं व उसके ऊपर आ रहे फल से यह सुनिश्चित करना है कि पेड़ का विकास हो रहा है यही सूत्र जीवन पर भी लागू होता है।यह देख लेना की जीवन में जो चीज है उसका प्रभाव कैसा पड़ रहा है उसका प्रभाव यदि सार्थक रूप से पड़ रहा है तो वह आपके लिए ठीक है और यदि सार्थक रूप से नहीं पड़ रहा है तो वह चीज आपके लिए ठीक नहीं है।। स्वयं को देखा जाता है और अनुग्रहित हुआ जाता है । तो तोलना स्वयं को है कुसंगति है या सुसंगती ,यदि कुसंगति में है तब भी खुद को देख लीजिए कि उस संगति से आपके जीवन में क्या नुकसान हुआ है। और यदि आप सुसंगती में है तो यह देख लीजिए कि उस सुसंगती से जीवन में क्या विकास हुआ है। अहंकार अपने आप को कभी नहीं देखना चाहता है,वह हमेशा न्यायाधीश बना रहना चाहता है। आचार्य प्रशांत ने कहा कि आज हीरो की कमी नहीं है, आज मूल्यवान चीजों की कमी नहीं है,ज्ञान की कमी नहीं है। कमी है तो हीरो को परखने वालों की, कमी है तो ज्ञान को सम्मान देने वालों की, इसलिए पहले जब भी परखना है स्वयं को परखना फायदा हुआ है या नहीं क्योंकि तुम पहले बहुत दुखों में थे यह मानना पड़ता है अहंकार को। यदि किसी चीज से आपको फायदा हुआ है तो आपको यह मानना पड़ेगा कि आप पहले दुख में थे अहंकार को बड़ा कष्ट होता है यह मानने में इसलिए वह यह नहीं मानता कि मुझे फायदा हुआ है। इससे पहले मानना पड़ेगा हम बीमार थे। क्योंकि यह मानने में अहंकार को चोट गहरी लगती है तो फिर वह मानने को तैयार नहीं होता कि हम बीमार थे हम परेशान थे। अध्यात्म में आंतरिक प्रगति उसी की होती है जो यह स्वीकार कर लेता है कि मेरी हालत बहुत ही खराब है। जो यह स्वीकार कर लेता है कि मेरी हालत इतनी खराब है कि अब मेरा कुछ हो ही नहीं सकता उसी की प्रगति अध्यात्म में होती है। जीना स्वयं के साथ है, जब जीना स्वयं के साथ है तो हमारा जो लक्ष्य है वह भी स्वयं की बेहतरी ही होता है। इसलिए अध्यात्म में बार-बार कहा जाता है कि स्वयं को देखो, स्वयं को जानो यही आत्मज्ञान है। आपके काम आ जाए तो पत्थर भी आपके लिए हीरा है तो बात यह है कि क्या चीज है जो आपके काम की है।उन्होंने कहा कि अपने जीवन का अवलोकन करो और जीवन को देखते रहो की जो गलतियां तुमने पहले की थी वह गलतियां अब ना हो। वही गलतियां अब बार-बार ना दोहराएंइस तरीके से जीवन में बेहतरी लाई जा सकती है।

# नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद




बागेश्वर(उद संवाददाता)। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में समस्त कांग्रेसजनो, कार्यकर्ताओ व समस्त प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण मौजूद थे। सभा में सभी वक्ताओं के द्वारा अपने-अपने वक्तव्य में स्वर्गीय नेहरू जी के जीवन में प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा भारतवर्ष के लिए कराए गए कामों का उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने उन्हें याद करते हुए कहा कि आजादी दिलाने में उनके अभूतपूर्व योगदान को भूल नही भुलाया जा सकता है, स्वतन्त्र भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के विकास के लिए किए गए प्रयासों से आज भारत अनवरत विकास की बुलंदियों को स्थापित कर रहा है, वही आजादी से पूर्व14 फरवरी 1935 को अल्मोड़ा जेल में अपनी श्आत्मकथाश का लेखन कार्य पूर्ण किया। पंडित नेहरू ने देश को आध ुनिक बनाने के लिए जो काम किए उन्हें भुलाया नहीं जा सकता है। और यही कारण है कि उन्हें श्आधुनिक भारत का निर्माताश कहा जाता है। उन्होंने शिक्षा से लेकर उद्योग जगत को बेहतर बनाने के लिए कई काम किए उन्होंने शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने के लिए आईआईटी, आईआईएम और विश्वविद्यालयों की स्थापना की। साथ ही उद्योग धंधों, स्वास्थ्य सेवाओ की भी शुरूआत की। उन्होंने भाखड़ा नांगल बांध, रिहंद बांध और बोकारो इस्पात कारखघना की स्थापना की। वह इन उद्योगों को देश के आधुनिक मंदिर मानते थे। बैठक में समस्त सम्मानित कांग्रेसजनों, व समस्त प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण व कार्यकर्ताओ ने अपने अपने विचारो से स्वर्गीय नेहरु को श्रद्धांजलि दी।इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवत डसीला,गीता रावल, रमेश गिरी गोस्वामी, ललित गोस्वामी,हरीश त्रिकोटी, जयदीप कुमार, भुबन भैसोड़ा आदि थे।

# एक माह में मृतक के माता पिता को क्लेम की राशि देने के आदेश

बागेश्वर। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुंजन सिंह ने कर्मकार प्रतिकर अधिनियम की याचिका निरस्त की।चमोली जिले में संचालित ऋषि गंगा पावर कारपोरेशन में डैम टूटने से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के तौर पर तैनात दीपक कुमार की मौत के बाद कंपनी द्वारा मृतक के परिजनों को कोई भी आर्थिक सहायता नही मिलने पर मृतक दीपक कुमार के माता पिता ने न्यायालय में कम्पनी के खिलाफ बेटे की मौत की मुवाअजा राशि नही देने, कम्पनी से राज्य बीमा निगम की क्लेम राशि का भुकतान कराने को लेकर याचिका दायर की थी,जिसके बाद सीजेएम कोर्ट में चले वाद पर न्यायालय ने दोनों पक्षो की दलीलों के आधार पर मृतक के परिजनों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम से क्लेम एक माह के भीतर दिलाने का आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता को भी वांछित दस्तावेज सहित बताए गए समय व स्थान पर उपस्थित रहना तथा सहयोग करना होगा। पक्षकार अपना-अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगे। मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता विनोद भट्ट ने बताया कि भतौड़ा निवासी तारा देवी पत्नी रमेश राम ने ऋषि गंगा पावर कारपोरेशन से प्रतिकर मांगा था। सात फरवरी 2021 को उनका पुत्र दीपक कुमार डेम टूटने से हादसे का शिकार हो गया था। जिसमें उसकी मृत्यु हो गई थी। वह कंपनी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। उसे 25 हजार रुपये वेतन मिलता था। न्यायालय ने सोमवार को प्रतिकरण याचिका को निरस्त किया है।

# हथियार से हमला करने वाला किया गिरफ्तार



कांडा(उद संवाददाता)। बागेश्वर,थाना काण्डा में मजदूरी करने वाले एक मजदूर पर दूसरे साथी द्वारा मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई।थाने में तनवीर पुत्र जमीर अहमद निवासी पाडली गुर्जर तेलीवाला, रुड़की जिला- हरिद्वार द्वारा एक तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा-323/326/504/में मुकदमा दर्ज किया।जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष खुशवन्त सिंह द्वारा स्वयं की गई। विवेचना के दौरान आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था,आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपाधीक्षक के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम गठित कर टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा आरोपी मीर आलम पुत्र मौहम्मद दिलशाद निवासी- सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को चिल्काना अड्डा सहारनपुर, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने धारा 34 की बढोतरी कर अभियुक्त को न्यायालयमें पेशी के लिए भेज दिया है, जहाँ आरोपी को14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# शत-प्रतिशत रिजल्ट के लिए शिक्षिका मंजू जोशी सम्मानित



गरुड़(उद संवाददाता)। यहां सीबीएसई बोर्ड से संचालित सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल अयारतोली में कार्यरत वरिष्ठ हिंदी शिक्षिका मंजू जोशी को बोर्ड रिजल्ट में हिंदी विषय के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्रबंधन ने ग्यारह हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक जावेद सिद्दकी ने शिक्षिका जोशी को नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके शिक्षण कौशल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे एक प्रेरणादायी प्रदर्शन बताया। अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय में वर्तमान बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा और दसवीं बोर्ड के दो विद्यार्थियों ने पूरे सौ अंक हासिल किए हैं। शिक्षिका मंजू जोशी के शिक्षण कार्य के प्रति पूर्व में मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भी उन्हें प्रशंसा पत्र प्रेषित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या रजिया सिद्दकी, मुरसिल सिद्दकी, केएन जोशी,अनामिका सिंह,रूहिम, पंकज बुटौला, प्रीति पुरोहित,सुनीता कांडपाल, गीता जोशी,कमल तिवारी, दीपा आर्या,मंजू पांडे आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**छह माह से वेतन नहीं मिलने....**तक पहुंच चुके हैं। बच्चों की फीस, गृह ऋण, पर्सनल लोन की ब्याज सहित किश्त सहित घर के दैनिक खर्चे करना मुश्किल हो गया है। यदि उन्हें समय से वेतन नहीं उपलब्ध कराया गया तो उनके परिवार के साथ कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है जिसके लिए प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी जिम्मेवार होंगे। जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस मामले में शीघ्र उचित कार्रवाई करेंगे। इसके बाद समस्त आन्दोलित शिक्षक, शिक्षिकायें व कर्मचारी मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मिश्रा, जिलाध्यक्ष अजय शंकर कौशिक, जिला मंत्री मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान सहित प्रीति अग्रवाल, विनीता न्याल, शोभा गहलोत, कुलदीप संधू, जानकी पंत, प्रवीण चौहान, परमजीत कौर, इंदू पाण्डेय, सतविन्दर कौर, सर्वदीप कौर, नीतू शर्मा, कविता रानी, नीमिषा टंडन, दीपा विद्यार्थी, रीता जोशी, मंजू काण्डपाल, दीपिका गौड़, अल्पना, सतवंत कौर, लता कोटलिया, जसप्रीत कौर, राखी टंडन, दविन्दर कौर, एकता धंजू, इन्द्रजीत कौर, रंजीत कौर, हरप्रीत कोंर, अंजली, किरन खुराना, ममता रावत, ललिता नैनवाल, पुष्पा लखानी, कमलेश प्रसाद, अवध किशोर, उत्तम सिंह, दयाल सिंह, देवी रानी आदि मौजूद थे।

**तीर्थ यात्रियों से भरी बस....**जांच करने पर ड्राइवर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ी में 28 सवारी थी, जिनको चारधाम यात्रा कराकर वापस हरिद्वार ले जा रहा था। इस दौरान बस के ब्रेक फेल हो गए। बताया कि उसने तुरंत गाड़ी को पहाड़ की तरफ मोड़ दिया और बस पलट गई। ऐसा नहीं करता तो गाड़ी गंगा में समा जाती।

**उचक्के ने जेब से.....**वह 26 अप्रैल को बाजार से पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। जब वह सरगम सिनेमा के पास पहुंचा तो एक बाइक सवार ने उसे हल्की टक्कर मारी और उसे संभालने का भी प्रयास किया जिसके बाद वह वहा से चला गया। जब उसने अपनी जेब टटोली को उसका पर्स गायब था। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

**बहन से मिलने आया सिडकुल.....**आ पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक बलबीर सिंह सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता था। वह तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। बीच वाला भाई आर्मी में हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के दो बच्चे हैं।

**कमरे से मोबाईल....**तथा मोटर साईकिल की चाबी गायब थी तथा उसके भांजे विवेक सरकार के कमरे से मंदिर के पास रखी हुयी चांदी की चौन गायब थी जो कि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है।

# महिला ने पति व सास के खिलाफ दर्ज कराया उत्पीड़न का मुकदमा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र की महिला ने अपने पति व सास पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुये पति व सास के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम कैथुलिया निवासी सोनी कौर पत्नी कृपाल सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा कि मेरे पति कृपाल सिंह ने दूसरी षादी की है, मेरा पति व सास जीतो कौर काफी समय से मुझे परेशान कर रहें थे। मामला पंचायत में पहुंचने के बाद भी कोई समाधान नही हुआ। आरोप है कि 18 मार्च को पति व सास ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। तब मेरें भाई केलाखेड़ा से आकर मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। महिला ने बताया कि लम्बें समय उपचार करने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकद्वमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338